भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2240
20 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए

नए इस्पात संयंत्रों की स्थापना

2240. श्री नीरज डांगी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इस्पात संयंत्रों की कुल संख्या कितनी है और इस्पात संयंत्रों का राज्य-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार रोजगार के अवसरों में वृद्धि हेतु देश में और अधिक नए इस्पात संयंत्र स्थापित करने का विचार रखती है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या विगत वर्षों के दौरान इस्पात के आयात में वृद्धि हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): वर्ष 2021-22 के दौरान देश में क्रूड इस्पात का उत्पादन करने वाले और कार्यशील इस्पात संयंत्रों की कुल संख्या 901 थी। देश में प्रचालनात्मक क्रूड इस्पात इकाइयों की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ख) और (ग): जी नहीं। इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है, इस्पात संयंत्रों को स्थापित करने, उनके आधुनिकीकरण और विस्तार से संबंधित निर्णय अलग-अलग इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों और बाजार के समीकरणों के आधार पर लिए जाते हैं।

(घ): जी नहीं। विगत तीन वर्षों के दौरान कुल तैयार इस्पात (गैर मिश्र धातु + मिश्र धातु /स्टेनलेस) के समग्र आयात के गिरते रूझान में गिरावट प्रदर्शित हुई है। विगत तीन वर्षों में तैयार इस्पात के आयात के समग्र आंकड़े निम्नानुसार हैं:

कुल तैयार इस्पात (मिश्रधातु/स्टेनलेस+ गैर-मिश्र धातु) आयात		
वर्ष	**मात्रा (एमटी)**	**विगत वर्ष में % बदलाव**
2019-20	6.77	-13.6
2020-21	4.75	-29.8
2021-22	4.67	-1.7
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति; एमटी= मिलियन टन; (जेपीसी डीओ रिपोर्ट)		

अनुलग्नक

क्रूड इस्पात :- राज्य-वार इकाइयों की संख्या

राज्य	**इकाइयों की संख्या**
	पूर्वी क्षेत्र
अरुणाचल प्रदेश	1
असम	8
बिहार	12
झारखंड	26
मेघालय	6
ओडिशा	57
त्रिपुरा	1
पश्चिम बंगाल	45
पूर्वी क्षेत्र कुल	156
	पश्चिमी क्षेत्र
छत्तीसगढ़	95
दादरा और नगर हवेली	14
दमन और दीव	3
गोवा	10
गुजरात	75
मध्यप्रदेश	13
महाराष्ट्र	62
पश्चिमी क्षेत्र कुल	272
	उत्तरी क्षेत्र
दिल्ली	2
हरियाणा	15
हिमाचल प्रदेश	26
जम्मू और कश्मीर	8
पंजाब	117
राजस्थान	28
उत्तर प्रदेश	39
उत्तराखंड	40
उत्तरी क्षेत्र कुल	275
	दक्षिणी क्षेत्र
आंध्र प्रदेश	20
कर्नाटक	26
केरल	27
पुदुचेरी	10
तमिलनाडु	88
तेलंगाना	27
दक्षिणी क्षेत्र कुल	198
सभी क्षेत्र कुल	901

*****